Divya Himachal 03-07-2026

# सप्लीमेंट्री-री अपीयर एग्जाम आज से

## पांचवीं से 12वीं तक के छात्र देंगे इम्तिहान, परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध



सिटी रिपोर्टर- धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए पांचवीं, आठवीं, नौवीं, दसवीं, जमा एक और जमा दो कक्षाओं की अनुपूरक (सप्लीमेंट्री), कंपार्टमेंट एवं री-अपीयर परीक्षाएं तीन जुलाई से प्रदेशभर में शुरू होंगी। अधिकांश परीक्षाएं निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएंगी, जबकि नौवीं और ग्यारहवीं की पूरक परीक्षाएं संबंधित विद्यालयों में आंतरिक स्तर पर संपन्न करवाई जाएंगी। बोर्ड ने परीक्षा संचालन को लेकर सभी केंद्र अधीक्षकों और विद्यालयों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से 15 मिनट पहले प्रश्न पत्र और उत्तरपुस्तिका उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि वे ओएमआर शीट एवं अन्य आवश्यक विवरण सावधानीपूर्वक भर सकें। कक्षा दसवीं और जमा दो की परीक्षाएं सुबह नौ बजे शुरू होंगी, जबकि प्रश्न पत्र विद्यार्थियों को सुबह पौने नौ बजे वितरित किए जाएंगे। परीक्षाओं की पारदर्शिता और गोपनीयता बनाए रखने के लिए इस बार दसवीं और जमा दो के मुख्य विषयों के प्रश्न पत्र ए, बी, सी तथा विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के लिए ई सीरीज़ में तैयार किए गए हैं। विद्यार्थियों को उत्तरपुस्तिका अथवा ओएमआर शीट पर प्रश्न पत्र की निर्धारित सीरीज़ स्पष्ट रूप से अंकित करना अनिवार्य होगा।

### दसवीं और जमा दो की परीक्षा तिथियां

**कक्षा दसवीं** **तीन जुलाई को** गणित, चार को संस्कृत, पंजाबी, छह को अंग्रेजी, सात को हिंदी, आठ को विज्ञान-प्रौद्योगिकी, नौ को सामाजिक विज्ञान, दस को होम साइंस, आईटीईएस, कम्प्यूटर साइंस।

**कक्षा जमा दो** **तीन जुलाई को अंग्रेजी**, चार को अकाउंटेंसी, फिजिक्स, संस्कृत, छह को इतिहास, जीव विज्ञान, सात को राजनीति विज्ञान, आठ को अर्थशास्त्र, नौ को हिंदी, दस को गणित, 13 को बिजनेस स्टडीज, कैमिस्ट्री, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, 14 को संगीत, प्राइवेट सिक्योरिटी, समाजशास्त्र, एग्रीकल्चर, 15 को भूगोल, 16 को शारीरिक शिक्षा एवं कम्प्यूटर साइंस (आई.पी.)।

### नियम न मानने पर एक्शन

**बोर्ड ने** परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर, पेजर अथवा अन्य किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के उपयोग एवं प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। नियमों का उल्लंघन करने वाले परीक्षार्थियों के विरुद्ध बोर्ड की परीक्षा नियमावली के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**निर्देश** **नौवीं और ग्यारहवीं** की पूरक परीक्षाएं विद्यालय स्तर पर आयोजित करवाई जा रही है। सभी परीक्षाओं में विद्यार्थियों को उत्तर लिखते समय प्रश्न पत्र में अंकित सही प्रश्न संख्या का ही उल्लेख करना अनिवार्य होगा।

### शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष बोले अनुपूरक परीक्षाएं नकलमुक्त-पारदर्शी हों



राजेश शर्मा

**स्कूल शिक्षा बोर्ड** के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने कहा कि परीक्षार्थियों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के अनुचित साधनों का प्रयोग न करें तथा ईमानदारी और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दें। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी परीक्षा केंद्र पर नकल या किसी अन्य प्रकार की अनियमितता की जानकारी मिले तो इसकी सूचना तुरंत शिक्षा बोर्ड को दें। बोर्ड ने आश्वस्त किया है कि ऐसी सूचनाओं को पूरी गोपनीयता के साथ लिया जाएगा और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

पंजाब केसरी
FRI,03 JULY 2026
EDITION: KANGRA KESARI, PAGE NO. 2

# सप्लीमैंट्री परीक्षाओं को नकलमुक्त बनाने के लिए शिक्षा बोर्ड मुस्तैद

## छात्र बिना तनाव के पूरी ईमानदारी से दें सप्लीमैंट्री परीक्षा

धर्मशाला, 2 जुलाई (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित की जा रही मैट्रिक और जमा-2 की सप्लीमैंट्री परीक्षाओं के सुचारू और निष्पक्ष संचालन के लिए सभी जरूरी कड़े इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। बोर्ड प्रशासन ने परीक्षाओं को पूरी तरह से नकलमुक्त और पारदर्शी बनाने के लिए कमर कस ली है। शिक्षा बोर्ड ने सभी परीक्षा केंद्रों पर पैनी नजर रखने के लिए विशेष व्यवस्था की है, ताकि किसी भी स्तर पर परीक्षा की शुचिता प्रभावित न हो।

शिक्षा बोर्ड ने परीक्षाओं को साफ-सुथरे ढंग से पूरा करवाने के लिए आम जनता से भी सहयोग मांगा है। यदि किसी भी नागरिक, अभिभावक या समाज के व्यक्ति को किसी परीक्षा केंद्र पर नकल होने या किसी अन्य प्रकार की गड़बड़ी की जानकारी मिलती है, तो वे तुरंत इसकी सूचना शिक्षा बोर्ड प्रबंधन को दे सकते हैं। बोर्ड ने भरोसा दिलाया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम और पहचान पूरी तरह से गुप्त रखी जाएगी और शिकायत मिलने पर तुरंत कड़ी कानूनी व विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

बोर्ड ने सभी परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार के अनुचित साधनों, पर्चियों या नकल जैसी गैर-कानूनी गतिविधियों से पूरी तरह दूर रहें।

छात्र बिना किसी मानसिक तनाव के, पूरे अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ अपनी परीक्षा दें। कड़ी मेहनत और ईमानदारी से दी गई परीक्षा ही भविष्य में वास्तविक सफलता का आधार बनती है।

> मैट्रिक और जमा-2 की अनुपूरक परीक्षाओं को पूरी तरह पारदर्शी और नकलमुक्त बनाने के लिए बोर्ड ने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं।परीक्षार्थी बिना किसी तनाव और डर के ईमानदारी से परीक्षा में शामिल हों। इसके साथ ही, यदि किसी भी परीक्षा केंद्र पर नकल या किसी अन्य अनियमितता की बात सामने आती है, तो आमजन इसकी सूचना तुरंत बोर्ड को दें। सूचना देने वाले की गोपनीयता बरकरार रखी जाएगी।
>
> **– डॉ. राजेश शर्मा, अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड।**

Apka Faisla 03-07-2026


# अनुपूरक परीक्षाओं को नकलमुक्त एवं पारदर्शी बनाने के लिए शिक्षा बोर्ड की अपील

**धर्मशाला, (आपका फैसला)।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE), धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि बोर्ड द्वारा आयोजित की जा रही मैट्रिक एवं जमा दो अनुपूरक परीक्षाओं के सुचारू, निष्पक्ष एवं नकलमुक्त संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार के अनुचित साधनों अथवा नकल जैसी गतिविधियों से दूर रहकर अपनी परीक्षा ईमानदारी एवं आत्मविश्वास के साथ दें। बोर्ड अध्यक्ष ने प्रदेशवासियों, अभिभावकों एवं आमजन से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यदि किसी परीक्षा केंद्र पर नकल अथवा अन्य किसी प्रकार की अनियमितता की सूचना प्राप्त होती है, तो उसकी जानकारी तत्काल शिक्षा बोर्ड को उपलब्ध करवाई जाए। ऐसी सूचनाओं को पूर्ण गोपनीयता के साथ लिया जाएगा तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। डॉ. शर्मा ने सभी परीक्षार्थियों को आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ दी गई परीक्षा ही सफलता का आधार बनती है।

The Sunny Times

# HPBOSE STEPS UP MEASURES FOR CHEAT-FREE SUPPLEMENTARY EXAMS

*The Sunny Times | Dharamshala*



The Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) is tightening security and oversight to ensure the upcoming matric and plus-two supplementary examinations are conducted with absolute fairness and transparency. Board Chairman Dr. Rajesh Sharma announced that all necessary arrangements have been finalized across centers to eliminate any scope of malpractice or cheating.

Addressing the candidates directly, Dr. Sharma urged students to steer completely clear of unfair means, emphasizing that honesty and self-belief are the true foundations of academic success. He called on students to approach their exams with a calm, stress-free mind and let their hard work do the talking.

In a strong bid to maintain full transparency, the board chairman also made an open appeal to parents, guardians, and the general public to act as vigilant partners. He stated that any firsthand information regarding cheating, leaks, or administrative irregularities at any center should be reported to the board immediately. Dr. Sharma assured citizens that all tip-offs will be handled with strict confidentiality, and swift, decisive action will be taken against violators to protect the integrity of the exams.